डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live
बात आपकी, शब्द हमारे
# गुरु एक्सप्रेस
सुबह का अख़बार
संपादक – आशुतोष नवाल
वर्ष 19 | अंक 176 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | शनिवार 12 अप्रैल 2025 | मूल्य 2 रुपया




## सराफा व्यापारी से लूट के मामले में...
## पुलिसकर्मी गोपाल गुणावत, गौरवसिंह और धर्मेंद्र गुर्जर दोषमुक्त..!

**मंदसौर, 11 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** रतलाम के सराफा व्यापारी के साथ लूट के मामले में मंदसौर में पदस्थ रहे तीन पुलिसकर्मियों को न्यायालय ने दोषमुक्त करार दिया है। छह साल पुराने मामले में आरक्षक धर्मेंद्र गुर्जर, गौरवसिंह और उप निरीक्षक रहे गोपाल गुणावत के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। जिसके बाद मामला न्यायालय में चल रहा था। गत दिवस न्यायालय ने अपना फैसला सुनाया है।



वर्ष 2019 में मंदसौर में पदस्थ पुलिसकर्मी धर्मेंद्र गुर्जर, गौरव सिंह व गोपाल गुणावत के विरुद्ध शहर कोतवाली मंदसौर में रतलाम के एक सराफा व्यापारी उमरावमल जैन द्वारा 29 नवंबर 2019 को अपने साथ 111 ग्राम सोने के लूट के संबंध में एक लिखित आवेदन पुलिस अधीक्षक कार्यालय मंदसौर में प्रस्तुत किया था। आवेदन की जांच के दौरान शहर कोतवाली मंदसौर द्वारा तीनों आरोपियों के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 392, 419, 365 व 34 के तहत प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की गई थी। अनुसंधान के उपरांत न्यायालय के समक्ष चालान प्रस्तुत किया था। प्रकरण में लगभग 5 वर्षों तक न्यायालय के समक्ष सुनवाई चली। जिसमें लगभग 11 से अधिक अभियोजन साक्षी व कई दस्तावेज प्रदर्शित किए गए। उल्लेखनीय है कि उक्त प्रकरण में अभियोजन अनुसार आई विटनेस एक पुलिस कांस्टेबल था तथा अभियोजन द्वारा मामले में सीडीआर तथा कई इलेक्ट्रॉनिक एविडेंस व कई वीडियो प्रस्तुत किए गए। किंतु अधिवक्ता प्रतीक मारू द्वारा सभी दस्तावेज और वीडियो में कांट्राडिक्शन व विरोधाभास लाकर सफल पैरवी करते हुए मामले में डिफेंस में 19 से अधिक दस्तावेज प्रस्तुत करे। सर्वोच्च न्यायालय के कई महत्वपूर्ण निर्णय प्रस्तुत किये। जिससे तथा अधिवक्ता के तर्कों से संतुष्ट होकर न्यायालय द्वारा मुख्य आरोपी धर्मेंद्र गुर्जर एवं गौरव सिंह राजपूत को दोष मुक्त किया गया। प्रकरण में पैरवी मंदसौर के वरिष्ठ अधिवक्ता प्रतीक मारू व उनके सहयोगी सुनील साहू, आदित्य जैन व छवि गोस्वामी द्वारा की गई।

# पोर्टल पर इंट्री तक सीमित सपना



## [ लाड़ली बहना कर रही आवास का इंतजार ]

**मंदसौर, 11 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस। वर्तमान आवास के नाम पर सिर्फ पीएम आवास योजना चल रही है। इसके हितग्राही पहले ही चुने जा चुके हैं। दो साल पहले विधानसभा चुनाव के दौरान तत्कालीन मुख्यमंत्री ने लाड़ली बहनों के लिए लाड़ली बहना आवास योजना की घोषणा की थी। योजना में लाड़ली बहनो ने आवेदन भी किए। लेकिन डेढ़ साल बाद भी स्कीम धरातल पर नहीं उतरी। सिर्फ चुनावी वादा बनकर रह गई। स्कीम के लिए सिर्फ एक-दो नहीं बल्कि जिले की 55 हजार से अधिक महिलाओं ने आवेदन किए थे। इस उम्मीद में कि सरकार उन्हें भी पक्के आवास के लिए पैसा देगी। मामला ठंडे बस्ते में चला गया और प्रशासन को कोई निर्देश नहीं मिले। अब राज्य सरकार के हाथ में है कि वह योजना को अमलीजामा कब पहनाती है।**

योजना के तहत बहनों के आवेदन तो पोर्टल पर हो गए। लेकिन, न वेरिफिकेशन हुआ और न पात्र-अपात्र की छंटनी हुई। दरअसल आवेदन के बाद योजना को लेकर कोई निर्देश ही जारी नहीं हुए। योजना में बहनों को आवास के लिए 1 लाख 30 हजार रुपए मिलना थे। जब स्कीम शुरू हुई तब बहनों के खातों में पैसे जमा हो रहे थे तो उन्हें लगा कि आवास का भी लाभ उन्हें मिलेगा। लेकिन, अब ये सपना ही रह जाएगा। तत्कालीन सीएम की घोषणा अनुसार बहनों को लाभ चरणबद्ध तरीके से दिए जाने की प्लानिंग थी। इसमें भी खासकर उन लाडली बहनों को आवास मिलना था, जो ग्रामीण क्षेत्रों में रहती हैं।

### बिना जांच आवास भी मिलेगा, इसी उम्मीद में भरे गए फॉर्म...

सीएम की आवास योजना सिर्फ ग्रामीण परिवेश की लाड़ली बहनों के लिए थी। इसीलिए नगरपालिका को छोड़ पंचायतों में आवेदन लिए गए। हालांकि, उस समय सिर्फ आवेदन लिए जाने के निर्देश थे, ऐसे में महिलाओं ने पंचायतों में जाकर आवेदन किए। क्योंकि, उन्हें लग रहा था कि लाड़ली बहना योजना में जिस तरह बिना जांच पड़ताल के ही 1250 रूपए का लाभ मिल रहा है, उसी तर्ज पर वे आवास का भी लाभ ले सकती है। अधिकायिरयों के मुताताबिक जितने आवेदन लाड़ली बहना आवास योजना में हुए थे, उन सभी को पीएम आवास के नए पोर्टल पर रजिस्टर्ड कर दिया है। इस साल के आवास टारगेट आ चुके हैं, अब नए टारगेट में वे शामिल होंगी तो उन्हें लाभ मिलेगा।

## मामला स्वच्छता सर्वेक्षण का...
# स्वच्छता की राह में रोड़ा बन सकते है शौचालय

**मंदसौर, 11 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस। स्वच्छता सर्वेक्षण में अव्वल आना इस बार चुनौती होगी। इसका कारण है शहर सहित स्कूलों और मैदानों के सार्वजनिक शौचालय। जिस पर भी निरीक्षण कर नंबर दिए जाएंगे। इसमें पर्यटन स्थल साफ-सुथरे और स्कूल के शौचालय सुविधा युक्त होना चाहिए। सरकारी स्कूलों के शौचालयों की स्थिति पहले से ही खराब है। यहां पानी तक की सुविधा नहीं है। इसके अलावा खेल मैदान हो या अन्य जगह, वहां भी सुधार की जरुरत है।**



बता दें कि शहर के एक मात्र संजय गांधी स्टेडियम में भी शौचालय स्वच्छता से परे है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि शौचालय किस तरह से स्वच्छता सर्वेक्षण में अव्वल आने की राह में रोडा बन सकते हैं। खेल मैदान में खिलाड़ियों के लिए बने बाथरुम के दरवाजे लंबे समय से टूटे हुए है। वहां कांच की बोतलें व गंदगी पसरी हुई है। देखरेख के अभाव में स्टेडियम में झाड़िया तक उग आई है।

### कई सरकारी स्कूलों में नहीं हैं सफाईकर्मी...

स्वच्छता सर्वेक्षण में इस बार स्कूलों को भी शामिल किया गया है। सर्वे में नगरीय निकाय के सरकारी और निजी स्कूल दोनों को देखा जाएगा। उनके शौचालयों पर विशेष ध्यान रहेगा। जबकि, जिले में कई सरकारी स्कूल ऐसे हैं, जिनमें शौचालय ही नहीं हैं। ऐसे में इन शौचालय में निर्माण कैसे संभव है। वहीं जहां शौचालय हैं, वहां कर्मचारियों के अभाव में सफाई की व्यवस्था नहीं है। शौचालयों में सफाई व्यवस्था के अलावा पानी, लाइट, नलों की टोंटी ठीक होना चाहिए। छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग शौचालय भी इसमें देखे जाएंगे।

## इंतजार की इंतेहा...
# फांसी लगाकर युवक ने की थी आत्महत्या, पीएम के लिए घंटो खड़े रहे परिजन..!

**मंदसौर, 11 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** दलौदा थाना क्षेत्र के अमलावद में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए मंदसौर लाया गया। लेकिन, शोकग्रस्त परिवार और रिश्तेदार शव के पीएम के लिए भरी गर्मी में घंटों इंतजार करते रहे। इसके बाद सीएमएचओ के पास मामला पहुंचा। उन्होंने डॉक्टरों को भेजा। इस मामले को लेकर आमजन में यह प्रतिक्रिया थी कि यह तो 'इंतजार की इंतेहा' हो गई।

बता दें कि दलौदा के ग्राम अमलावद में रहने वाले हरीश कुमावत उम्र 22 वर्ष ने अपने खेत पर बने बाड़े में फांसी लगा ली। सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी बलदेवसिंह चौधरी मौके पर पहुंचे। ग्रामीणो की मदद से शव को नीचे उतारा गया। बाद में पीएम के लिए मंदसौर के बड़े अस्पताल पहुंचाया गया। मृतक के पिता की मृत्यु हो चुकी है। वह अपने काका के साथ रहता था। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।



### ऑनलाइन रिपोर्ट के चक्कर में हुई परेशानी...

एक और जहां जवान मौत से पूरा परिवार शोक में था। इधर पीएम को लेकर परिवार को खासा परेशान होना पड़ा। धुंधडक़ा अस्पताल से पीएम के लिए बड़े अस्पताल पहुंचाया गया। ऑनलाइन इसकी रिपोर्ट कर दी गई। लेकिन, जब परिजन यहां पहुंचे तो पीएम के लिए डॉक्टर ही उपलब्ध नहीं थे। करीब 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक परिजन पीएम के लिए डॉक्टर का इंतजार करते रहे। इसके बाद थाना प्रभारी बलदेवसिंह चौधरी ने मामले की जानकारी सीएमएचओ को दी। तब कहीं जाकर डॉक्टरों को पीएम के लिए पहुंचाया गया।

दरअसल पहले आनलाईन फार्म में धुंधड़का सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का नाम डाल दिया गया था। लेकिन, जब मंदसौर के बड़े अस्पताल लाया गया तो पोर्टल पर नहीं दिख रहा था। बाद में मंदसौर में आफलाईन फार्म भरा गया। तब जाकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया हो सकी।



### शोभायात्रा

**मंदसौर शहर के नई आबादी स्थित श्री उद्योग पति बालाजी मंदिर समिति द्वारा हनुमान जन्मोत्सव से एक दिन पूर्व शुक्रवार को मंदिर से शोभायात्रा 'कलश यात्रा' निकाली गई। इस अवसर पर मंदिर के शिखर पर कलश चढ़ाया गया। शाम को भजन संध्या का आयोजन किया गया। आज शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव पर महाआरती के पश्चात भंडारा प्रारंभ होगा।**

# ट्रक से मिला डोडाचूरा, दो पंजाबी गिरफ्तार

**पिपलियामंडी, 11 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस ने ट्रक से 77 किलो डोडाचूरा पकड़ा। मामले में पंजाब के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। वहीं एक आरोपी फरार है। जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। मुखबिर की सूचना पर शुक्रवार को मल्हारगढ़ पुलिस ने महू-नीमच हाईवे पर सूठोद के निकट एक ढाबे के सामने खड़े ट्रक (पीबी 23 टी 8335) को रोककर तलाशी ली। तो ट्रक की केबिन में स्कीम बनाकर छुपा रखा 77 किलो डोडचूरा बरामद हुआ। मामले में पुलिस ने मछीवाड़ा (लुधियाना, पंजाब) निवासी सुखविन्दरसिंह पिता बिकरसिंह जाट व सुरेन्द्रसिंह पिता दरबारसिंह सिख को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज किया। ट्रक व डोडाचूरा जब्ती में ली। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि वह उक्त डोडाचूरा ढाबा संचालक सोनी निवासी कैलाश पिता अम्बालाल मेघवाल से लेकर पंजाब जा रहे थे। पुलिस ने कैलाश को भी आरोपी बनाया है। जो फरार है। मल्हारगढ़ टीआई राजेन्द्र पंवार ने बताया आरोपी को शनिवार को एनडीपीएस एक्ट कोर्ट में पेश किया जाएगा।




## लावारिस पिकअप से 05 गौवंश बरामद

**पिपलियामंडी, 11 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** लावारिस पिकअप वाहन से 5 गौवंश बरामद हुए। मुखबिर की सूचना पर पिपलिया पुलिस बोतलगंज-थड़ोद फंटे के बीच कच्चे रास्ते पहुंची, यहां पिकअप (एमपी 14 जीसी 2556) खड़ी थी, तलाशी ली तो उसमें 5 गौवंश कूररतापूर्वक भरे होना पाए। मौके पर ड्राइवर नही मिला। पुलिस ने प्शुकूररता अधिनियम के तहत केस दर्ज कर पिकअप जब्त की व गौवंश को गोगरपुरा गौशाला भिजवाया।

# अब प्रत्यंचा और खींची तो धनुष की तरह भाजपा में बिखराव हो जाएगा...

**मंदसौर/उज्जैन, 11 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस। भाजपा की राजनीतिक सतह पर दिखाई देने वाली शांति किसी तूफान के पहले जैसी प्रकट हो रही है। यह शांति प्रधानमंत्री की नागपुर मुख्यालय की यात्रा के बाद से नजर आ रही है। भाजपा में पहली बार किसी राष्ट्रीय अध्यक्ष के कार्यकाल को बार-बार किसी न किसी कारण बढ़ाया गया है। अब फिर से 40 दिन बढ़ाए जाने की तैयारी भी हो चुकी है। बीते 11 सालों से जब से नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने हैं, तब से भाजपा से संघ के प्रभाव का रिसाव शुरू किया जाने लगा था। राजनाथ सिंह, वेंकैया नायडू, नीतिन गडकरी और अमित शाह भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे हैं। उनके बाद जगत प्रसाद नड्डा के समय भाजपा का राजनीतिक जलवा जलाल चरम पर पहुंचा हुआ है। भाजपा के यह चरम वाला समय नड्डा पर इतना हावी हो गया कि सार्वजनिक बयान दे गए कि हमें अब संघ की जरूरत नहीं है, भाजपा सक्षम हो चुकी है।**


चन्द्रमोहन भगत

इसी दौरान उनका कार्यकाल फिर बढ़ाया गया। पर, समय से पहले फिर से कार्यकाल बढ़ाने की बात चलते ही यह बातें भी इस सतह पर आने लगी कि अगर भाजपा ने संघ की पहले से खींची हुई लाइन को और अधिक क्रॉस किया तो संघ, भाजपा में आपसी विरोध बढ़ जाएगा। ऐसा होने पर संघ का तो कुछ बिगड़ेगा नहीं, पर भाजपा में बिखराव आ जाएगा। ऐसी चर्चा का कारण नड्डा का फिर से 40 दिनों का अध्यक्ष कार्यकाल बढ़ाना बताया जा रहा है। सूत्रों पर भरोसा करें तो भाजपा ने अभी तक एक दर्जन नाम संघ का भेजे हैं और स्वीकृति के लिए एक भी टेबल पर नहीं रखा गया है। संघ सरकार की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हो रही फजीहत निचले ओर मध्यवर्गीय नागरिकों की बढ़ती परेशानी को देखते हुए अब नियंत्रण अपने पास रखना चाहता है।

भाजपा और संघ के बीच राजनीतिक समन्वय का तापमान बढ़ता जा रहा है। अब तो संघ की तरह देश के बिगड़ते हालातो के कारण भाजपा के अंदर ही गुजराती लॉबी से पार्टी को मुक्त कराने वालों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। ऐसे में संघ को अच्छी तरह मालूम है कि गुजराती लॉबी अपने किसी अंध समर्थक को अध्यक्ष बनना चाहती हैं। दूसरी तरफ संघ ऐसे व्यक्ति को अध्यक्ष बनाना चाहता है जो संघ का एजेंडा भी चलाए और भाजपा को आगे बढ़ाने की मुहिम में पिछड़े नहीं। दोनों विशेषताओं में तालमेल बैठा कर संगठन चलाने वाले नाम पर सहमति होगी। इसी के साथ अब संगठन प्रभारी महामंत्री भी ऐसे प्रचारक को बनाया जाएगा जो सत्ता का साथ मिलने पर सुविधाओं की मलाई में डुबकी ना लगाए, सिर्फ पार्टी का वर्चस्व बढ़ाने का लक्ष्य साधे।

# दो दिन में सोने के दाम चार हजार से ज्यादा बढ़े

## [ चांदी भी साढ़े तीन हजार रुपए उछली ]



**मंदसौर, 11 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस। बीते सालो में यह देखा गया कि दस ग्राम सोने और एक किलो चांदी के बीच बड़ा अंतर हुआ करता था। यह अंतर लगभग पचास हजार से ज्यादा तक भी पहुंचा। सोना सुस्त चाल से धीरे धीरे ऊपर नीचे होता तो चांदी निवेशकों को पद्रह मिनट में ऊपर नीचे कर देती। लेकिन, अबसमय के साथ ट्रेंड बदला। सोना, चांदी से ज्यादा तेजी से भाग रहा है। वर्तमान में दस ग्राम सोने की कीमत एक किलो चांदी से ज्यादा पहुंच चुकी है।**

बीते दो दिन में हाजिर में सोने में चार हजार रुपए प्रति दस ग्राम की बढ़ोतरी हुई है। वहीं हाजिर में चांदी के दाम तीन हजार रुपए प्रति किलो तक बढ़े हैं। सराफा व्यापारी अशोक सोनी ने बताया कि बुधवार 12 बजे सोने के दाम 88 हजार 800 रुपए प्रति दस ग्राम थे। वहीं चांदी 89 हजार 250 रुपए प्रति किलो बिक रही थी। गुरुवार शाम तक सोने के दाम 92 हजार 800 रुपए प्रति दस ग्राम पहुंच गए। वहीं चांदी भी 92 हजार 700 रुपए प्रतिकिलो तक पहुंच गई। मतलब सोने के दाम चांदी से एक सौ रूपए आगे निकल गए। सोने- चांदी के भाव बढ़ने का कारण अंतरराष्ट्रीय हलचल है। अमेरिका के टैरिफ वार के कारण यह उथल पुथल हुई है।





### बंपर आवक

**मंदसौर कृषि उपज मंडी में एक दिन के अवकाश के बाद शुक्रवार को नीलामी हुई। जिसमे बड़ी संख्या में किसान अपनी उपज लेकर पहुंचे। बता दें कि आज शनिवार से सोमवार तक तीन दिन का फिर से कृषि उपज मंडी का अवकाश रहेगा।**

# मंदसौर के 151 ढोल, कोटा-बूंदी की शहनाई

## अजयमेरू के ढोल, उज्जैन की पुष्पवर्षा व आतिशबाजी के साथ आज होगी बड़े बालाजी की महाआरती



**मंदसौर, 11 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** श्री बड़े बालाजी मंदिर बस स्टेण्ड पर श्री हनुमान जन्मोत्सव पर आज 12 अप्रैल को मंदसौर के 151 ढोल, कोटा बुंदी की शहनाई, अजयमेरू के ढोल, उज्जैन की पुष्पवर्षा व आतिशबाजी साथ ही भव्यातिभव्य महाआरती होगी। इस हेतु मंदिर क्षेत्र के भगवा पताकाओं से सजाया गया है तथा मंदिर में आकर्षक विद्युत सज्जा व बालाजी का नयनाभिराम श्रृंगार किया जाएगा।

मंदिर समिति अध्यक्ष पं. दिलीप शर्मा, प्रवक्ता रवि ग्वाला समिति ने बताया कि हनुमान जयंती के दिन आज 12 अप्रैल शनिवार को सायं 7.30 बजे विशाल शाही महाआरती होगी। महाआरती के दौरान मंदसौर के 151 ढोल, कोटा बुंदी की शहनाई, अजयमेरू के ढोल, उज्जैन की पुष्पवर्षा व आतिशबाजी तोप व नगाडे और रंगारंग आतिशबाजी और जानेमाने ख्यातनाम 501 कलाकारों द्वारा वाद्ययंत्रों के साथ 251 दीपक से भगवान बालाजी महाराज की भव्य महाआरती होगी व प्रसाद वितरण होगा। दिनांक 20 अप्रैल, रविवार प्रात: 10 बजे से विशाल शाही महाभण्डारा मंदिर प्रांगण में होगा जो शाम 4 बजे तक चलेगा। व 26 अप्रैल शनिवार को सायं 7 बजे से विराट कवि सम्मेलन का आयोजन बालाजी मंदिर परिसर पुराना बस स्टैंड पर होगा। इस कवि सम्मेलन में देश के ख्यातनाम कवि काव्य पाठ करेंगे। इस दौरान स्व. श्री रामनारायण शर्मा काव्य अलंकरण सम्मान समारोह भी आयोजित होगा। मंदिर समिति अध्यक्ष पं. दिलीप शर्मा, प्रवक्ता रवि ग्वाला समिति के सदस्यगण विनय दुबेला, अनिल कियावत, चौथमल शर्मा, सज्जनलाल खमेसरा, नरेश चंदवानी, दिनेश जोशी (ऊँशांति), नारायण पालीवाल, अनिल सुराह, महेन्द्रसिंह सिसोदिया, शिवशंकर सोलंकी, कपिल सोलंकी, राजाराम तंवर, जीवनलाल गोसर, वरदीचंद कुमावत, मुन्ना बैटरी, विनोद रूनवाल ने सभी धर्मालुजनों से भगवान बालाजी की महाआरती में उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

# श्री संकट मोचन हर्कियाखाल बालाजी पर हनुमान जन्मोत्सव धुमधाम से मनेगा

## हवन, पूजन, महाआरती एवं विशाल भण्डारे का होगा आयोजन

**मंदसौर, 11 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** चमत्कारिक श्री संकट मोचन हर्कियाखाल बालाजी मंदिर पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी गुरूदेव श्री लक्ष्मीनारायण शर्मा के पावन सानिध्य में 26 वां चैत्र नवरात्रि एवं भगवान हनुमान जन्मोत्सव का 15 दिवसीय भव्य आयोजन आज 12 अप्रेल शनिवार को हवन पूर्णाहुति महाआरती एवं भण्डारे का साथ सम्पन्न होगा।

हनुमान जयंति पर आज महाआरती एवं हवन पुर्णाहुति में अतिथि के रूप में कर्नाटक के महामहिम राज्यपाल श्री थावरचंद गेहलोद, मध्यप्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, डी.वॉय पाटील विद्यापीठ पुणे के कुलपति डॉ. पी.डी. पाटिल, मंदसौर संसदीय क्षेत्र सांसद सुधीर गुप्ता, चित्तौढ के सांसद सीपी जोशी, मंदसौर जिला भाजपा अध्यक्ष राजेश दीक्षित, नीमच विधायक दिलीपसिंह परिहार, सुवासरा विधायक हरदीपसिंह डंग, गरोठ विधायक चंदर सिंह सिसौदिया, निम्बाहेडा विधायक चन्द्र कृपलानी, नीमच जिला कले:टर हिमांशु चन्द्रा, नीमच जिला पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल, मंदसौर जिला पुलिस अधीक्षक अभिषेक आनंद, मंदसौर के पूर्व विधायक यशपालसिंह सिसौदिया, उद्योगपति विशाल गोयल, वैश्य महासम्मेलन के संभागीय अध्यक्ष संतोष चौपड़ा उपस्थित रहेंगे। इस आशय की जानकारी देते हुए श्री संकट मोचन हर्कियाखाल बालाजी मंदिर समिति एवं पारमार्थिक टएस्ट के उपाध्यक्ष नरेन्द्र अग्रवाल ने बताया कि आज 12 अप्रेल शनिवार हनुमान जयंति को प्रात: 8 बजे से पं. श्री दशरथभाईजी के सानिध्य में श्रीराम मारूती यज्ञ आरंभ होगा तथा 9.30 बजे हवन की पूर्णाहुति होगी तथा पूर्णाहुति पश्चात महाआरती एवं प्रात: 10 बजे से भगवान बालाजी की इच्छा तक विशाल भण्डारा महाप्रसादी का आयोजन होगा।

## कार-बाइक भिड़त, युवक घायल

**पिपलियामंडी, 11 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** कार की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल हो गया। मंदसौर निजी अस्पताल में उपचार के बाद युवक की हालत खतरे से बाहर है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को प्रात: 9.30 बजे करीब पिपलिया-कनघट्टी मार्ग पर शासकीय महाविद्यालय के निकट कार व बाइक की आमने-सामने भिड़त हो गई। दुर्घटना में बाइक व कार दोनों क्षतिग्रस्त हो गई। बाइक सवार पिपलियापंथ निवासी सुनील पिता महेश चौहान घायल हो गया। जिसे मंदसौर जिला अस्पताल भर्ती कराया। जहां से रेफर करने के बाद निजी अस्पताल में उपचार के बाद युवक की हालत खतरे से बाहर है।

## सभी पात्र हितग्राही ईकेवायसी 30 तक अनिवार्य रूप से करवायें

**मंदसौर, 11 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा बताया कि भारत शासन द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधनियम 2013 अंतर्गत सम्मिलित पात्र हितग्राहियों की ईकेवायसी 30 अप्रैल 25 तककिये जाने हेतु निर्देश प्राप्त हुए है। मंदसौर जिले में 247754 परिवारों के 1016349 सदस्यों द्वारा वर्तमान में राशन प्राप्त किया जा रहा है, जिसमे से 860016 सदस्यों द्वारा अपनी ई के वाय सी करवाई गई है। शेष रहे 156333 सदस्यों की ईकेवायसी 30 अप्रैल 25 तक जिले में विशेष अभियान चलाकर ईकेवायसी का कार्य किया जा रहा है। शासन के निर्देशानुसार समय सीमा में समस्त पात्र हितग्राहियों की ईकेवायसी नहीं होने पर वितरित किया जा रहे खाद्यान से वंचित हो सकते है। समस्त पात्र हितग्राही 30 अप्रैल 25 तक ई के वाय सी विशेष अभियान में अपनी ईकेवायसी करवाए एंव राशन बंद होने जेसी असुविधा से बचे।



## नरवाई के उचित प्रबंधन हेतु कृषकों में जागरूकता लाने प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**मंदसौर, 11 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास के उप संचालक ने बताया कि जनपद अध्यक्ष श्री बसन्त शर्मा एवं उप संचालक कृषि श्रीमती अनिता धाकड द्वारा कृषि कार्यालय परिसर से फसल अवशेष/ नरवाई प्रबंधन हेतु जागरूकता प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

यह जागरूकता रथ जिले के विभिन्न ग्रामों में पहुँचेगा, जहाँ किसानों को नरवाई में आग लगाने से होने वाले नुकसानो और नरवाई प्रबंधन के उपायों की जानकारी दी जाएगी साथ ही किसानो को नरवाई प्रबंधन हेतु हैप्पी सीडर, सुपर सीडर, रोटावेटर सहित नरवाई प्रबंधन में सहायक अन्य उपायों के बारे में बताया जायेगा। कृषक भाईयों से अपील है कि वे गेंहू फसल कटाई उपरांत फसल अवशेष को ना जलायें तथा इसका उचित प्रबंधन कर मिट्टी की उपजाउ क्षमता को बनाये रखने में अपना योगदान दें। इस अवसर पर कृषि अभियांत्रिकी सहीत कृषि विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# नया गुजराती लोहार समाज द्वारा श्री राधाकृष्ण मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव एवं धर्मशाला लोकार्पण समारोह 14 को



**मंदसौर, 11 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस। नया गुजराती लोहार समाज द्वारा श्री राधाकृष्ण मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव एवं धर्मशाला लोकार्पण समारोह 14 अप्रैल, सोमवार को नया गुजराती लोहार समाज धर्मशाला पशुपतिनाथ मंदिर मार्ग, चन्द्रपुरा मंदसौर पर होगा। इस आयोजन के निमित्त 10 से 14 अप्रैल तक पांच दिवसीय यज्ञ सहित विविध धार्मिक आयोजन हो रहे है।**

नया गुजराती समाज के जिला सचिव शिक्षक रतन लाल चौहान ने बताया कि 10 अप्रैल को दश विधि स्नान, हेमाद्री संकल्प के पश्चात् भव्य कलश यात्रा निकाली। साथ ही गणपति पूजन व मंडप स्तम्भादी पूजन व अग्नि स्थापना कार्यक्रम हुआ। 11 अप्रैल को मण्डल देवता आव्हान व स्थापित देवता होम व भगवान का जलाधिवास का आयोजन किया गया। आज 12 अप्रैल को पूजन गृहादि होम, प्रधान देवता होम, देवता फलाधिवास का कार्यक्रम होगा। 13 अप्रैल को पूजन, हवन, पुष्प पत्राधीवास महाअभिषेक व सायं शय्याधीवास कार्यक्रम होगा इसी दिन रात्रि 8 बजे से एक शाम सांवरिया सेठ के नाम भजन संध्या होगी जिसमें सांवरिया सेठ के सुप्रसिद्ध भजन गायक श्री गोकुल शर्मा सुमधुर भजनों की प्रस्तुति देंगे। पांचवे दिवस 14 अप्रैल को राधा कृष्ण की प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा प्रात: 11.35 बजे यज्ञ पूर्णाहुति, महाआरती पश्चात् दोप. 12.30 बजे से महाप्रसादी का आयोजन होगा। वहीं दोप. 1.30 बजे दानदाताओं का सम्मान समारोह व मंचीय कार्यक्रम आयोजित होगा। समिति के संरक्षक शिवलाल लोहार, पन्नालाल लोहार, अध्यक्ष मोहनलाल चौहान, निर्माण समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश लोहार, उपाध्यक्ष सुरेन्द्र चौहान, सचिव रतनलाल चौहान, कोषाध्यक्ष किशोर लोहार, सहसचिव अनिल कुमार चौहान, सह कोषाध्यक्ष जगदीश लोहार, महामंत्री दिलीप लोहार, युवा संगठन अध्यक्ष धनराज लोहार आदि ने सभी समाजजनों से सभी कार्यक्रमों में उपस्थित रहने की अपील की है।

## हनुमान जन्मोत्सव पर छह दिवसीय मेले का शुभारंभ

**पिपलियामंडी, 11 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी ग्राम पंचायत कनघट्टी में प्राचीन हनुमान मंदिर पर 6 दिवसीय मेले का शुभारंभ पूर्व सरपंच कृष्णपालसिंह शक्तावत, मंडल अध्यक्ष राकेश पाटीदार, जनपद सदस्य पंकज पाटीदार, मुन्नालाल प्रजापत, मनीष आर्य, मेला प्रभारी विजय आजाद की उपस्थिति में हुआ। मेला 15 अप्रैल तक चलेगा। जिसमें संगीतमय सुन्दरकांड, भजन संध्या, सांस्कृतिक व धार्मिक कार्यक्रम होंगे हुआ। समापन के दिन कवि सम्मेलन होगा।

## दम्पति सहित 03 पर मारपीट का प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 11 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** मारपीट के मामले में पुलिस ने दम्पत्ति सहित तीन पर केस दर्ज किया। नारायणगढ़ कालबेलिया बस्ती निवासी शम्भूनाथ पिता मांगूनाथ कालबेलिया ने नारायणगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि भाभी कंकूबाई पति बापूनाथ कालबेलिया, बापूनाथ पिता मांगूनाथ कालबेलिया, संजूनाथ पिता बापूनाथ कालबेलिया ने गाली-गलौज की व बोले कि तूम बीमार विनोदनाथ की देखभाल मत करो, तीनों ने मारपीट की व मेरी पत्नी सुगनाबाई बीच-बचाव करने आई तो पत्थर से सिर पर मारी, जिससे खून निकलने लगा। पुलिस ने तीनों पर केस दर्ज किया।



## श्रमदान कर जागरूकता का संदेश दिया

**मंदसौर, 11 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड मंदसौर के धुंधडका सेक्टर में जिला समन्वयक तृप्ति बैरागी के मार्गदर्शन में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति लामगरी द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान को लेकर विभिन्न गतिविधि आयोजित की गई। जिसके तहत अंबाजी धाम निपानिया मे तुमबड़ नदी के किनारे श्रमदान कर जागरूकता का संदेश दिया इस अवसर पर सभी से जलदूत बनने एवं इस अभियान से जुड़ने का आह्वान किया।

# डिगांवमाली में आंगनवाड़ी एवं प्राथमिक शाला का हुआ कायाकल्प

## जनसहयोग से 13 कुर्सियां, 5 पखें, 5 दिवाल घड़ी, बिजली बल्ब, केलेडर वितरीत



**मंदसौर, 11 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस। प्राथमिक विद्यालय डीगांव माली में जनसहयोग से शासकिय स्कूल के कायाकल्प में लगे प्रधानाध्यापक एवं कई सामाजिक कार्यकर्ता के माध्यम से किए जा रहे हैं इस कायाकल्प में 4 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को 2-2 कुर्सियां, और दीवाल घड़ी वितरित किए गए तथा प्रधानाध्यापक मनीष पारीक के अवतरण दिवस आगामी 13 अप्रैल से पुर्व उनके द्वारा 11 कुर्सियां 1 पंखा, बल्फ, केलेंडर वितरित मध्यान भोजन बच्चों को खाना खिलाने वाले कक्ष मैं चार पंखे सरपंच प्रतिनिधि द्वारा भेंट किये गए।**

म.प्र.जन अभियान परिषद से चयनित नामांकित संस्था प्रियदर्शन सामाजिक सेवा संस्था के प्रभारी दिनेश सोलंकी द्वारा जल गंगा अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी बताइए एवं पौधे लगाने के लिए बच्चों को प्रेरित किया। बच्चों को जल संरक्षण प्रतियोगिता व रंगोली का आयोजन किया बच्चों द्वारा अच्छा प्रदर्शन करने वालों बच्चों को पुरूस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के पश्चात सभी शिक्षक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा जल बचाओ की शपथ ली गई। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि दशरथ सिंह आंजना द्वारा अपने दादाजी स्वर्गीय मोहनलाल आंजना की स्मृति में 7 सीमेंट कुर्सियां लगवाई जाने की सहर्ष घोषणा करते हुए शाला विकास में विशेष सहयोगी बनकर खड़े रहने की बात की है। साथ ही भारत सिंह आंजना द्वारा शाला में आरओ वाटर सिस्टम लगाया जाएगा। बाउंड्री वॉल, स्ट्रीट लाइटें, जनपद पंचायत सदस्य प्रतिनिधि जयसिंह चौहान और मंडल महामंत्री मानसिह आंजना द्वारा लगाए जाने हेतु सतत् प्रयास करने की बात कही है। कार्यक्रम में मानसीह अंजना मंडल मंत्री, जनपद सदस्य जय सिंह चौहान ,सरपंच प्रतिनिधि दशरथ आंजना ,भारत सिंह अंजना, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्य जसवंत सिंह आंजना, नारद शर्मा, प्रकाश आंजना, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, अतिथि शिक्षका वंदना बसेर, स्कूल के नन्हे मुन्ने बच्चे, विद्यालय परिवार और मध्यान्ह भोजन प्रभारी रेखा माली पवन पालीवाल चन्दा बाई पालीवाल और ग्रामवासी उपस्थित थे।

## स्लॉट बुक होने के बाद ही उपज को विक्रय करने हेतु उपार्जन केंद्र पर लाए

**मंदसौर, 11 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा बताया कि रबी विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर शासन के निर्देशानुसार पंजीकृत किसानो से गेंहू खरीदी का कार्य प्रचलित है। गेंहू खरीदी का कार्य 5 मई 2025 तक किया जायेगा। समस्त किसान बंधु धैर्य रखते हुए स्लॉट बुक होने के बाद ही उपार्जन केंद्र पर अपनी उपज को विक्रय करने हेतु उपार्जन केंद्र पर लाए ताकि आपको किसी प्रकार की परेशानी न हो। साथ ही सभी किसान बंधु किसी भी प्रकार की जल्दबाजी नहीं करें एंव किसी भी बिचोलिए/ दलाल को किसी प्रकार का कोई भुगतान नहीं करें एंव बारदाना का वजन शासन के नियमानुसार 580 ग्राम प्रति बैग (बोरे) के मान से तय किया गया है इससे अधिक तोल नहीं करवाए।

# तालाब गहरीकरण हेतु किया श्रमदान

**मंदसौर, 11 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस। मध्यप्रदेश शासन द्वारा चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान अब जन जन का अभियान बनते जा रहा है। जहा एक और नदी तालाब पोखरण सहित जल की महत्ता को लेकर अनेकों श्रमदान और जागरूकता कार्यक्रम जिले कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग के कुशल मार्गदर्शन में किए जा रहे है।**

वही कलेक्टर के निर्देश पर जन अभियान परिषद द्वारा ग्रामीण अंचलो सहित शहर में भी अनेकों जल संगोष्ठी जल शुद्धिकरण हेतु श्रमदान जैसे कार्य किए जा रहे है। उसी श्रंखला में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ब्लॉक सीतामऊ कयामपुर में प्राचीन ओखाजी की बावड़ी पर सफाई और सरंक्षण हेतु ,जनअभियान परिसद के नावांकुर संस्थान, प्रस्फुटन सी एम सी एल डी पी छात्र, सरपंच, व वरिष्ठसामाजिक संगठन व कार्यकर्ताओं द्वारा श्रम दान कर सफाई कर शपथ ली गयीजल की पूजा अर्चना कर जल की महत्ता बताने में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा अभिनव प्रयास किए गया।

# पेंशनर संगठन अपनी मांगों को लेकर 16 को उज्जैन में जल सत्याग्रह करेंगे

**मंदसौर, 11 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश के पेंशनरों की मांगों एवं समस्याओं को लेकर पेंशनर संगठनों द्वारा मांगों को लेकर दिये ज्ञापनों पर शासन के उपेक्षापूर्ण रवैये पर ध्यानाकर्षण हेतु दिनांक 16 अप्रैल 2025 को उज्जैन क्षिप्रा के रामघाट पर उज्जैन संभाग के समस्त जिले के पेंशनरों द्वारा प्रात: 11 से 12.30 बजे तक क्षिप्रा नदी में खड़े होकर प्रमुख पेंशनर एसोसिएशन, भारत पेंशनर समाज एवं म.प्र. विद्युत मण्डल पेंशनर एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में प्रदर्शन एवं जल सत्याग्रह करेंगे। पेंशनरों की प्रमुख मांगे जिनमें धारा 49(6) की समाप्ति, विद्युत पेंशनरों की पेंशन गारंटी, 27 माह-32 माह का एरियर भुगतान, जुलाई 19 से महंगाई राहत, अवशेष राशि का भुगतान, जुलाई 24 से 3 प्रतिशत और जनवरी 25 से 2 प्रतिशत महंगाई राहत देने, केन्द्र सरकार के परिपत्र 12.05.2017 का लाभ देकर 65, 70, 75, 80, 85, 90 एवं 100 वर्ष के प्रारंभ से अतिरिक्त पेंशन देने, कम्युटेशन की अवधि 15 वर्ष के स्थान पर 12 वर्ष करने, पेंशनरों को आयुष्मान योजना का लाभ देने, 2016 के पूर्व के पेंशनरों के विसंगति दूर करने आदि कई मांगों का निराकरण लंबित है।

आंदोलन में भाग लेकर सफल बनाने की अपील भारत पेंशनर समाज के जिलाध्यक्ष पं. गोपालकृष्ण शर्मा, प्रमुख पेंशनर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष सतीश नागर, म.प्र. विद्युत मण्डल पेंशनर एसो. के प्रांतीय उपाध्यक्ष खूबचन्द शर्मा, सचिव राजेन्द्र चौधरी, भारत पेंशनर समाज कार्यकारी अध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा, इंजि. सुनील व्यास, महामंत्री वल्लभ बघेरवाल, सचिव कैलाश जोशी, संयोजक बलवंतसिंह कोठारी, उपाध्यक्ष राजेन्द्रसिंह चौहान, प्रांतीय सचिव कन्हैयालाल भावसार, विद्युत पेंशनर के उपाध्यक्ष जे.एस. भाटी, प्रभुलाल कुमावत, सहसचिव राधेश्याम गुप्ता आदि पदाधिकारियों द्वारा की गई। इसमें अनेकों पेंशनरों द्वारा भाग लिया जावेगा।

# निरंतर जारी है भाजपा का गांव-बस्ती चलो अभियान

## अभियान के तहत जिले के सभी भाजपा पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि गांव-गांव पहुंचे



**मंदसौर, 11 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा के निर्देशानुसार गांव/बस्ती चलो अभियान भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में जिले के सभी 21 मंडलों में निरंतर जारी है। अभियान अंतर्गत करणीय कार्यों में प्रत्येक कार्यकर्ता को पूरे दिन (कम से कम 8 घंटे) के लिए, गाँव या मोहल्ला या सेवा बस्ती का दौरा करना है। गांव/बस्ती चलो अभियान के तहत भाजपा पदाधिकारी विभिन्न गतिविधियों जैसे मंदिर या अस्पताल या स्कूल या गलियों में स्वच्छता अभियान चला रहे है। साथ ही केन्द्र सरकार एंव राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के 10 लाभार्थियों से संपर्क कर संवाद कर रहे है। आंगनवाड़ी केंद्र पहुंचकर क्षेत्रीय हितग्राहियों से संपर्क कर शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने के साथ उनकी समस्या का समाधान करना, जल स्त्रोतों/निकायों की सफाई करना, भाजपा कार्यकर्ताओं एवं भाजपा के झंडों के साथ सभी गलियों में यात्रा निकालना। संध्या के समय में ग्रामीणों या निवासियों की चौपाल लगाकर सभी से संवाद करना सामाजिक नेताओं के घर जाना, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं, आपातकाल में मिसा के तहत गिरफ्तार व्यक्तियों, कारसेवकों को सम्मानित करना एवं बूथ समिति की बैठके आदि कार्य कर रहे है। उक्त अभियान संगठन की मंशानुसार कार्य संपन्न करने के लिए भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित मंदसौर नगर पालिका के वार्ड क्रमांक 1 में आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 4 पर भाजपा उत्तर मंडल अध्यक्ष अरविंद सारस्वत और नपा उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता प्रीतेश चावला के साथ पहुंचे और आंगनबाड़ी केंद्र पर उपस्थित लाभार्थी माता बहनों से संवाद कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व वाली सरकार और डॉक्टर मोहन यादव जी के नेतृत्व वाली मध्यप्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजना की चर्चा की।

इसी प्रकार भाजपा जिला अध्यक्ष दीक्षित गांव चलो बस्ती चलो अभियान अंतर्गत विधानसभा के ग्राम सुठोद पहुंचे जहां भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष विजयवर्गीय अन्य संगठन पदाधिकारी जनप्रतिनिधियों के साथ के झंडा यात्रा निकालकर हितग्राहियों से संपर्क किया। पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष एवं गांव चलो बस्ती चलो अभियान के जिला प्रभारी नानालाल जी अटोलिया ने भाजपा दलोदा मंडल अध्यक्ष विकास सुराणा के साथ भारतीय जनता पार्टी स्थापना दिवस के अंतर्गत गांव चलो बस्ती चलो अभियान में आज दलौदा मंडल के दलौदा नगर मे पशु चिकित्सालय एवं आंगनवाडी का निरक्षण किया। इसी प्रकार भाजपा जिला महामंत्री विजय अटवाल भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष नेपाल सिंह सिसोदिया के साथ ग्राम साबाखेड़ा एवं ग्राम रैवास देवडा पहुंचे। जहां स्वच्छता एवं जनसंपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्राम में झंडा यात्रा निकालकर मंदिर मंदिर, गलियों एवं आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाया गया एवं आम जन से संवाद कर केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा की गई। इस अवसर पर भाजपा वरिष्ठनेता भोपाल सिंह सिसोदिया, जनपद सदस्य बंशी धनगर, विनय धनगर , ओम प्रकाश कुमावत, अनिल सिंह, अनिल यति आदि की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिले के समस्त पदाधिकारी गण और जनप्रतिनिधि गण संगठन द्वारा बताए गये मंडल और बस्ती पहुंचे और प्रदेश भाजपा के मंशा अनुसार अभियान के समस्त करणीय कार्यों को संपादित किया।

## संयुक्त उठावना



अत्यंत दु:ख के साथ लिखने में आता हैं कि स्व. भंवरलाल जी भूत (पोरवाल) की पुत्र वधु , राधेश्याम के भतीजे की पत्नी, बाबुलाल की धर्मपत्नी, कन्हैयालाल, रामप्रसाद, अशोक, रामगोपाल की भाभीजी , जितेंद्र व विजेंद्र की पूजनीय माताजी व आशुतोष, अभिमनोज की बड़ी मम्मी व उत्कर्ष, ऋषभ, सौम्य, आदित्यवर्धन, वैदिक की दादीजी राधेश्याम, सुरेश चंद्र, नरेंद्र कुमार एवं रमेशचंद्र धनोतिया की बहन तथा गौरव ,गोपालकृष्ण , मनीष व विपिन धनोतिया (नया मालाहेड़ा , मनासा )के बुआजी श्रीमती उषाबाई भूत का श्री जी शरण दिनांक 10/04/2025 को हो गया है । संयुक्त उठावना दिनांक 12/04/2025 शनिवार को दोपहर 2:30 बजे द्वारकापुरी धर्मशाला (भाग 2) बस स्टैंड के पास,मनासा पर रखा गया है।

**✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻**

**समस्त भूत (पोरवाल) परिवार (जूना मालाहेड़ा वाला) गायत्री नगर मनासा, इंदौर। समस्त धनोतिया परिवार नया मालाहेड़ा एवं गायत्री नगर मनासा।**


प्रारुप छ-8

(म.प्र. सहकारी सोसायटी नियम 1962 के नियम 49-ड. (3) के अंतर्गत)

**कार्यालय-रिटर्निंग अधिकारी किरण दीप साख सहकारी सोसाइटी मर्या. मंदसौर**

जिला मंदसौर पंजी क्रमांक 140749/दिनांक04.03.2024

क्रमांक.................. दिनांक-09.04.2025

**/// निर्वाचन कार्यक्रम ///**

म.प्र. राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी के आदेश क्रमांक-2025/1845 दिनांक 28.03.2025 के द्वारा मुझे सहकारी सोसाइटी मर्यादित किरण दीप साख मंदसौर के निर्वाचन हेतु रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है। संचालक मण्डल के सदस्यों के निर्वाचन हेतु निम्नलिखित निर्वाचन कार्यक्रम निश्चित किया गया है जो कि सोसायटी के समस्त सदस्यों के सूचनार्थ प्रकाशित करता हूं-

1. सोसायटी की पंजीकृत उपविधि क्रमांक22 के अनुसार संचालक मण्डल के लिए निर्वाचन किये जाने वाले सदस्यों की कुल संख्या ....11..... विवरण निम्नांकित है-

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (अ) | सामान्य वर्ग (अनारक्षित) से | 10 | इनमें से महिला वर्ग हेतु अनारक्षित | 02 |
| (ब) | अनुसूचित जाति वर्ग से | 01 | इनमें से महिला वर्ग हेतु अनारक्षित | निरंक |
| (स) | अनुसूचित जनजाति वर्ग से | निरंक | इनमें से महिला वर्ग हेतु अनारक्षित | निरंक |
| | योग | 11 | योग | 02 |

(टीप- जिस वर्ग में महिला आरक्षण नहीं किया गया है उसे निरंक दर्शाया जावे।)

| | | |
|---|---|---|
| 2. | नामांकन प्रस्तुत करने का दिनांक, स्थान, समय | दिनांक- 16.04.2025, समय-प्रात: 11.00 से 02.00 बजे तक<br>स्थान - सोसायटी कार्यालय, 99 श्रीजी पार्क, मंदसौर |
| 3. | नामांकन पत्रों की जांच एवं वैध नामांकन पत्रों की सूची का प्रकाशन | दिनांक- 16.04.2025 को समय 03.00 बजे से जांच पूर्ण होने तक<br>स्थान - सोसायटी कार्यालय, 99 श्रीजी पार्क, मंदसौर |
| 4. | नामांकन पत्रों की वापसी का दिनांक तथा चुनाव लड़ने वाले अंतिम उम्मीदवारों की सूची का प्रकाशन एवं चुनाव चिन्हों का आवंटन | दिनांक- 17.04.2025, समय प्रात: 11.00 बजे से दोप. 2 बजे तक<br>स्थान - सोसायटी कार्यालय, 99 श्रीजी पार्क, मंदसौर |
| 5. | विशेष साधारण सम्मेलन में चुनाव (मतदान) | दिनांक-23.04.2025, समय प्रात: 10.00 बजे से 05.00 बजे तक<br>स्थान - सोसायटी कार्यालय, 99 श्रीजी पार्क, मंदसौर<br>(चुनाव समाप्त होने के एक घंटे बाद मतगणना प्रारम्भ की जावेगी) |
| 6. | रिक्त स्थानों हेतु सहयोजन | दिनांक-24.04.2025, समय दोप. 11.00 बजे से 02.00 बजे तक<br>स्थान - सोसायटी कार्यालय, 99 श्रीजी पार्क, मंदसौर |
| 7. | अध्यक्ष/उपाध्यक्ष एवं अन्य सोसायटियों को भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों तथा अन्य पदाधिकारियों के निर्वाचन की सूचना जारी करना | दिनांक-26.04.2025 |
| 8. | अध्यक्ष/उपाध्यक्ष एवं अन्य सोसायटियों को भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों तथा अन्य पदाधिकारियों के निर्वाचन दिनांक, समय एवं स्थान | दिनांक 29.04.2025 समय 11 बजे से 02.00 बजे तक<br>स्थान - सोसायटी कार्यालय, 99 श्रीजी पार्क, मंदसौर |

आरपी कुमावत
रिटर्निंग अधिकारी
किरण दीप साख सहकारी सोसायटी मर्यादित, मंदसौर


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक- आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 313880, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in